Commissionerate of College Education.
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan (India)
Website: https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship

F9/SVS/CCE/2024 June 2024

विज्ञप्ति

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं से देश विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों में अध्ययन करने के लिए स्वामी विवेकानंद स्कालरशिप फॉर अकादमिक एक्सीलेंस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

योजना के अनुसार छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुल 500 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी। योजना का उद्देश्य राजस्थान राज्य के मूल निवासी, ऐसे विद्यार्थी जो स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर,पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरल कोर्सेज हेतु विदेश में नवीनतम टाइम्स हायर एजुकेशन वैश्विक रैंकिंग अनुसार सूचीबद्ध किये हुए 1 - 150 विश्वविद्यालयों / संस्थानों में समस्त विषयों में एवं देश के 1 - 50 तक NIRF संस्थानों में उच्च अध्ययन के लिए चुने गए हैं उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करना है । दुनिया भर के शीर्ष 1-150 टाइम्स हायर एजुकेशन रैंक वाले विश्वविद्यालयों/ संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए कुल 300 सीटें आवंटित की गई हैं। भारतीय संस्थानों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष 1-50 एन NIRF वाले भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए 200 सीटें आवंटित की गई हैं। जिन छात्रों ने अर्हता परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक प्राप्त किए हैं वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। योजना के तहत छात्रों को उनकी सकल पारिवारिक वार्षिक आय श्रेणी के अनुसार वित्तीय लाभ दिया जाएगा, यानी E1 श्रेणी (वार्षिक आय 8 लाख प्रति वर्ष से कम), E2 श्रेणी (वार्षिक आय 8 से 25 लाख प्रति वर्ष के बीच) और E3 श्रेणी (वार्षिक आय 25 लाख से अधिक) । केवल E1 श्रेणी के छात्र ही इस योजना के तहत भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30% सीटें महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित की जाएंगी।

ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन हेतु पोर्टल खुल चुका है एवं https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship पर सक्रिय है। आवेदन, चयन और फंड वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

पूर्व में जारी विज्ञप्ति संख्या 8041391 दिनांक 14-06-2024 की निरंतरता में प्रथम चरण के मूल्यांकन की तिथि में अभिवृद्धि की जाती है । प्रत्येक चरण के मूल्यांकन की नवीन तिथियां निम्नानुसार होंगी–

- **चरण 1 - 20/5/24 से 25/6/24**
- **चरण 2 - 26/6/24 से 31/7/24**
- **चरण 3 - 01/8/24 से 15/11/24**
- **चरण 4 - 16/11/24 से 15/01/25**

प्रत्येक चरण में चयन में E1 श्रेणी के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी एवं नवीनतम समेकित दिशानिर्देश https://hte.rajasthan.gov.in/online-scholarship पर उपलब्ध हैं।

(पुखराज सैन) IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा

RajKaj Ref
8110048

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.06.18 16:56:53 IST
Reason: Approved